**Title:** Urged the Government to prepare long term plan for the flood control in various districts of Bihar.

**श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। महोदय, बिहार राज्य के बक्सर, भोजपुर और पटना जिले गंगा की बाढ़ से प्रत्येक साल तबाह होते हैं। जिसके कारण सैकड़ो लोगों की जान, माल और सम्पत्ति की हानि होती है तथा लोग लाचार होकर जहां-तहां सड़कों पर खानाबदोशों जैसा जीवन व्यतीत करने पर मजबूर होते हैं। कई बार बिहार सरकार और मीडिया ने इस बात को यहां उछाला और केन्द्र सरकार का ध्यान खींचा। लेकिन आज तक न तो बाढ़ से सुरक्षा के लिए तटबंध बनाये जा सके और न उसके लिए कोई दीर्घकालीन योजना ही बनाई जा सकी और न पीड़ित लोगों की रक्षा हो सकी। अतः मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि बाढ़ से बचने के लिए शीघ्र कोई दीर्घकालीन योजना बनाई जाए, वहां गंगा सुरक्षा तटबंध बनाये जाएं और गंगा फ्लड योजना के तहत इस योजना का कार्यान्वयन किया जाए तथा लोगों की जान, माल की रक्षा की जाए। धन्यवाद।